डा0 भीम सिंह दहिया (रोहट): स्पीकर साहब, इस सदन के सामने जो एप्रोप्रिए ान बिल आया है, मैं इके विरोध में बोलना चाहता हूं। इस बिल के जरिए जो एक्सैस पैसा खर्च हो गया है, वह मांगा गया है। सबसे पहले मैं इस बिल की डिमांड नं 2 जो पी0 डब्लू0 डी0 की है, पर बोलना चाहूंगा। स्पीकर साहब, वहां का सब–डिविजन जो पंचकुला और चण्डीगढ का है वह अपने कैबिनेट के लोगों की देखभाल करता है। इस सब–डिविजन के अन्दर काफी गडबड है और इस गडबड की वजह से यह काफी बदनाम और नटोरिय हो चुका है। स्पीकर साहब, इस सब–डिविजन के बारे में अखबारों मे भी किस्से आते रहते है। कल ही एक अखबार मै खबर थी कि वहां के एक कर्मचारी ने 6 हजार रु के चैक को 60 हजार रु का बनवा कर पैसे निकलवा लिए हैं। यहां पर एक एस0 डी0 ओ0 साहब है जो सरकारी काम के साथ साथ कान्ट्रैक्ट का और बिजनेस का काम करते है। यह एस0 डी0 ओ0 बैलेंस 1 लाख रु के करीब दिखाते हैं लेकिन जब वैस्ट की चैकिंग करते हैं तो एक पैसा भी नही मिलता। इस प्रकार यहां पर गलत पैसा इस्तेमाल किया जा रहा है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो इस प्रकार के डिवीजन या सब–डिवीजन है जिन में इस किस्म के कर्मचारी है उनके उपर चेक होनी चाहिए। ये हेराफेरी करके पैसा इधर–उधर करते रहते हैं। जो हर साल एक्सैस एक्सपैंडीचर होता

है उसकी तरफ भी सरकार को ध्यान नही है। सरकार ने आज तक इस तरह की कोई चैकिंग नही की। स्पीकर साहब, हम पी0 ए0 सी0 की मीटिंग में भी इस तरह के पैसे देखते है जिनमें हर डिपार्टमैंट में और वि ोश कर पी0 डब्लू0 डी0 में काफी पैसा एक्सैस खर्च किया जाता है। स्पीकर साहब, यह जो एक्सैस स्पैंडिंग की जाती है, यह गलत बजेटिंग का नमूना है। जो लोग पैसा खर्च करने वाले है, उनको पता है कि पैसा तो हाउस से पास करवा ही लेना है क्योकि इनकी मजोरिटी है, मैजोरिटी के बेसिस पर पास हो ही जाना है। अब मैं डिमांड नं0 3, जो होम के बारे में है, थोडा सा अर्ज करना चाहता हूं। सप्लीमैंटरी एस्टीमेट्स पर बोलते हुए भी मैने कहा था कि कई करोड रुपया खर्च किया जा रहा है क्योंकि गवर्नमैंट को पुलिस फोर्स बढानी है। हमें यह समझ नही आता कि हरियाणा बनने के बाद कई गुणा पुलिस फोर्स क्यों बढ गई। एक लिहाज से ठीक ही बढी है क्योंकि पुलिस का काम बहुत बढ गया है। पहले पुलिस को लॉ एण्ड आर्डर ही देखना होता था लेकिन अब कई किस्म के काम करने पडते है। चाहे पंचायत समितियों के इलैक ान हो, चाहे बाई–इलैक ान हो, चाहे पार्लियामैंट के जनरल इलैक ान हो, चाहें विधान सभा के इलैक ान हो इन में पुलिस का पुरा इस्तेमाल किया जाता है। पिछले दिनों, स्पीकर साहब, आपने सुना होगा, पंचायत के कुछ मैम्बर्ज को पुलिस उठा कर ले गई थी। उनकी मार पीट की गई क्योंकि ये चाहते थे कि किसी खास कैंडिडेट को वोटें दी जायें और उसको ब्लाक समिति का चेयरमैन बनाया जाए। स्पीकर

साहब, इससे मैं यही समझा हूं कि जब तक कांग्रेस की मैजोरिटी न हो जाए, तब तक ब्लाक मे ंइलैक ान नही होगें। इस में चाहे थानेदार का इस्तेमाल करना पडे, चाहे डी0 एस0 पी0 को इस्तेमाल करना पडे, इस्तेमाल किया जाता है। मतलब यही है कि इनकी मैजोरिटी होनी चाहिए। यह सारा काम पुलिस से करवाया जाता है। अपोजि ान के लोगेां को काबू करने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जाता है ताकि अपोजि ान के लोग इनके गडबड घोटाले को प्रका ा में न ला सके। पुलिस के द्वारा टैरर क्रिएट किया जात है। सरकार के किसी नेता ने आना हो और भाशण देना हो तो उस जलसे में आदमी इकटठें करने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जाता है। अगर लोग पुलिस द्वारा जबरदस्ती न आएं जो गांव के लम्बरदार या सरपंच को पकड कर ऐसा माहौल क्रिएट किा जाता है जिससे लोग डरें। इसके अलावा, पुलिस से और भी कई खतरनाक काम लिए जाते है। पानीपत में पिछले दिनों बडी गडबड हुई। एक खास कम्युनिटी के लोगों को मारा गया। इस में पुलिस का हाथ था। पुलिस के लोग प्लेन क्लोथज़ में गडबड करवाते हैं।मुझे समझ नही आती कि आजकल पुलिस का यह काम क्यों हो गया। सरकार को प्रजातंत्र को बचाने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, अगर आप यह देखेंगे कि हरियाणा में जो काम होंगे, वे कायदे कानून के हिसाब से नही होंगे। इस हिसाब से होंगे जिस में देखा जाएगा कि फलां काम किस आदमी का है। अगर कांग्रेस पार्टी का नेता होगा या उसका रि तेदार होगा तो सब कुछ हो जाएगा, अगर नही होगा तो कुछ

नही होगा। स्पीकर साहब, मैं परसों टोहाना गया था। वहां एक बंसल सिनेमा है। बंसल सिनेमा वाले का सिर्फ इतना ही कसूर था कि उसने लोकदल का झंडा लगा रखा था। इलैक ान के दौरान 5 तारीख की रात को उस सिनेमा को बहुत नुकसान पहुंचाया गया। (व्यवधान) मैं वहां देख कर आया हूं। वहां एक पब्लिक जलसा था। हमारी पब्लिक लाईफ है हमें जाना पडता है। मैने उस सिनेमा को खुद देखा है। 5 तारीख की रात को कुछ लोगो ने, जो कांग्रेस पार्टी के थे, उस सिनेमा पर हमला कर दिया। इन्होने नया नया इलैक ान जीता था, भाराब पी रखी थी और न ो में थे। इन लोगो ने सिनेमा को बहुत नुकसान पहुंचाया। सिनेमा के विंडो पैनज़ और लाईट समै ा कर दी। सिनेमा वाले डर कर स्ट्रांग रुम में घुस गए लेकिन इन लोगों ने उन पर बरछो के साथ हमला किया। जहां ऐसा वातावरण हो, वहां इन्साफ की क्या उम्मीद हो सकती है। जहां वोट देने का हक न हो, जहां यह भी हक नही कि अपनी पार्टी का झंडा लगा लें, वहां डैमोकसी कैसे जिंदा रह सकती है। जहां तक कांग्रेस पार्टी के झण्डे का ताल्लुक है कांग्रेस पार्टी के लोग इस झंडे को घरो पर नही लगाते, दुकानो और फैक्ट्रियों पर लगाते है ताकि लोग वहां आने से डरें। सरकार ने सारा वातावरण खराब कर रखा है। हरियाणा में किसी भी कायदे कानून का पालन कोई आफिसर नही करता।

स्पीकर साहब, अब मैं डिमांड नं0 5 पर बोलना चाहता हूं जो स्टेट एक्साईज के बारे में है। इस डिमांड के नीचे एक

आईटम है जि के बारे में मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि स्टेट में एक और डिस्टिलरी हरियाणा में लगेगी। आज हरियाणा में सरकार भाराब को जितना बढावा दे रही है, इतना भाायद हरियाणा बनने के बाद कभी भी बढावा नही मिला। यह तो कोई जरुरी नही कि डिस्टिलरी की ही फैक्ट्री लगनी है और कई अच्छी चीजें है जिनकी फैक्ट्रीज़ लगाई जा सकती है। बी0 एच0 ई0 एल0 यूनिट यूनियन गवर्नमैंट की एक बहुत बउी कंसर्न है, इसका प्लांट क्यों नही हरियाणा मे ंलगाया जाता? और भी कई बडे बडे उद्योग है वे लगाए जा सकते है, लेकिन इनको डिस्टिलरी ही मिलती है। एक सिस्टम इन्होने ठेके औक ान करने का बना रखा है। इस सिस्टम के द्वारा ये ज्यादा से ज्यादा पैसा इकटठा करते है। हर साल ठेका नीलाम होता है और हर साल इसमें 40 प्रसैंट की बढोतरी होती है। बाद में ठेकेदार चाहे कुछ भी मिलावट करे, लेकिन अगर पिछले साल ठेका 5 लाख में गया तो इस साल 7 लाख में देते है। अगर 5 लाख का ठेका 7 लाख मैं देंगे तो जाहिर है कि ठेकेदार को हेराफेरी करनी पडेगी, तभी वह कमायेगा। इससे लोगों की सेहत खराब होगी। इस तरह अडल्ट्रे ान से हूच ट्रेजडी होती है। आप अन्दाजा लगा सकते है कि साल भर में कितनी बोतले बिकती है और उनसे कितना मुनाफा हो सकता है। आपके पास अमला है, आप चाहे तो सारी फिगर्ज इकटठी कर सकते हैं। हिसाब किताब लगाने से जो जायज मुनाफा है वह ठेकेदार को छोड दिया जाए लेकिन इस तरह से पांच–पांच सात–सात लाख में औक ान करना ठीक नही है। ठेके की औक ान एक तरह से

गैम्बलिंग है। लोगों के दिमाग में यह बात बैठ जाती है कि एक बार सरकार को औक ान में ज्यादा से ज्यादा पैसा दे दो, फिर बाद में जो कुछ मर्जी आये, करते रहेंगे। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि लोगो को इस जहमत से छुडा दिया जाए, यह बडी गलत बात है। इस सिस्टम को बदलना चाहिए।

श्री अध्यक्षः अब आपका समय हो गया है।

डा0 भीम सिंह दहियाः ठीक है जी, मैं बैठ जाता हूं। इन भाब्दो के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री फतेह चन्द विज (पानीपत): स्पीकर साहब, ऐप्रोप्रिए ान (नं 1) बिल, 1985 हाउस के सामने है और उस पर डिस्क ान हो रही है। मै सरकार का ध्यान खास तौर पर फाईनैंस मिनिस्टर साहब का ध्यान इस ओर दिलाउंगा कि यह ऐप्रोप्रिए ान किस कदर मिसऐप्रोप्रिए ान हो रहा है या होगा। मै कुछ प्वायंट्स आपके सामने रखूंगा पानीपत के जी0 टी0 रोड से जब यू0 पी0 की रोड भ्रुरु होती है उस रोड को उंचा करने के लिए दो अढाई महीने पहले मिटटी पडनी भ्रुरु हुई थी। उसमे ंकही पर तीन फूट, कही पर दो फुट और कही पर एक फुट मिटटी पडनी है। लेकिन पिछले एक महीने से काम बन्द पडा है। उस रोड से यू0 पी0 और हरियाणा का ट्रैफिक, ट्रक और बसें आदि सैंकडो की तादात में रोजाना आता जाता है। जब कभी कोई ट्रक या बस वहां से गुजरती है तो आंधी की तरह मिटटी उड कर दुकानो के अन्दर

दाखिल होती है। जब महकमे से पूछा गया कि यह काम बन्द क्यों हो गया है तो बताया गया कि ठेकेदार से कोई झगडा है। स्पीकर साहब, चौधरी कटार सिंह जी भी अपने हलके में जाने के लिए वहीं से गुजरते हैं। मैने जब इसके बारे में इनसे पूछा तो कहने लगे कि वाकई दिक्कत वाली बात हैं। स्पीकर साहब, अगर एक बारि ा हो गई तो सारा ट्रफिक रुक जाएगा। आगे छानबीन करने पर पता यह लगा कि जब टैन्डर मांगे गए थे तो उसमें यह कंडी ान लगा दी गई थी कि मिटटी 14 किलोमीटर दूर से आएगी। पता नही किस गर्ज से यह लिख दिया गया। मिटटी जितने फुट डलवाई जानी थी वह बात इसमें लिखी जाती। ठेकेदार ने टैन्डर तो दे दिया लेकिन उस कहीं दो तीन किलोमीटर की दूरी पर मिटटी मिल गई और वह उसे डाल रहा था। इस पर डिपार्टमैंट ने उससे कहा कि आप 14 किलोमीटर दूर से मिटटी क्यों नही ला रहे हो? इस झगडे में वह काम अब वह एसे ही पडा है। स्पीकर साहब, आप दिल्ली जाते है। आप देखै कि वहां जी0 टी0 रोड पर जितनी भी दुकाने है, उनके आगे पर्दे लगे हुए है क्योंकि सारी मिटटी अन्दर जाती है। पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर के नोटिस में भी मैं यह बात लाया हूं।

लोक निर्माण मंत्री (श्री अमर सिंह): वह सडक बन रही है।

श्री फतेह चन्द विज: स्पीकर साहब, वहां बाई–पास बनाने का काम भी कई सालो से पैंडिंग पडा है। वैसे तो उसे

सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने बनाना है लेकिन प्रदे ा सरकार द्वारा सारा पैसा खर्च होता है और प्रदे ा सरकार ही उसे बनवाती है। जनता सरकार के टाईम में वह बाई–पास मंजूर हुआ था लेकिन अभी तक उस पर कोई काम नही हुआ। हाउस में यह कहा भी गया था कि वह जरुर बनेगा लेकिन कुछ नही हुआ। अब तो पांच छः मील तक वह इलाका आबाद हो गया है। जमीन भी बडी उपजाऊ है। पहले उसे बनाने के लिए तीन करोड रुपये का ऐस्टिमेट था लेकिन अब वह 10 करोड रुपये से भी नही बन सकता। इसके बारे में मैने पिछले सै ान में भी एक सुझाव दिया था और उस`अब मैं फिर देता हूं। भाहरों के अन्दर आज देखने में आ रहा है कि जमीन न मिलने के कारण 20–20 मंजिली ईमारतें बननी भाुरु हो गई है ताकि अधिक से अधिक परिवार थोडी सी जगह पर रह सके। आप भी वहां पर जमीन एक्वायर न करे बल्कि यह जो पहला जी0 टी0 रोड है, इसी पर फलाई ओवर बना दें। दूसरे मुल्को के अन्दर आपकी कई टीमें जाती हैं और आफिसर्ज जाते हैं। उन्होने कई जगह देखा होगा कि वहां 4–4, 5–5 किलोमीटर लम्बे फलाई ओवर बने हुए है। मैने सी0 एम0 साहब को भी इसका हवाला दिया था। सी0 एम0 साहब अमेरिका में जहां आपरे ान करवाने गए थे, उसी हस्पताल के पास 7 किलोमीटर लम्बा फलाई ओवर बना हुआ है। अगर उसी तरह के फलाई ओवर बनाने का काम ये अपने प्रदे ा में भी भाुरु कर दे ंतो एक तो इन्हे जमीन एक्वायर नही करनी पडेगी दूसरे 8 करोड रुपये का काम तीन चार करोड रुपये में हो जाएगा। यह तजुर्बा अपनी स्टेट में पानीपत से

भाुरु किया जाना चाहिए। वहां म्युनिसिपल लिमिट के अन्दर फलाई ओवर बना दिया जाए। इन्होने पिछले सै ान में यह ए योरैं ा दी थी कि ये सैन्ट्रल गवर्नमैंट को इ बारे में लिखेंगे। पता नही इन्होने कहां कहां लिखा है और उस पर क्या विचार हो रहा है?

स्पीकर साहब, हुडडा की जमीन के मुताबिक कल यहां बात आई थी। इन्होने जिस वक्त जीमन ली तो गरीब आदमियों को 9–10 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से पैसे दिए। कई लोग पैसे लेकर घर बैठ गए। वे अपील नही कर सके क्योंकि गरीब थे। जिन लोगो ने अपील की उन्हे तिगुने और चौगुने पैसे मिले है। कई केस अभी कोर्ट में पैंडिंग हैं। सैन्ट्रल गवर्नमैंट के पास भी इस सिलसिले में कम्पलैंट गई थी। उन्होने एक तो कानून में तरमीम की है और दूसरे स्टेटस को लिखा है कि अगर किसी जगह एक प्लाट की कीमत तीस चालीस रुपये प्रति मीटर के हिसाब से दी गई हो तो डायरैक्टर को चाहिए कि वह अपने लैवल पर ही बाकी पैसा दे दे ताकि लोग मुकदमेबाजी से बचें। तो स्पीकर साहब, मेरी आपके द्वारा सरकार से यह प्रार्थना है कि उन गरीबों को भी पैसा दिया जाना चाहिए जो मजबूरी के कारण कोर्ट में नही जा सके थे।

स्पीकर साहब, इंडस्टरी के मुताल्लिक आज भी यहां काफी बात हुई है। कहने को तो ये यहां तक कह देते है कि देहात के अन्दर काफी रुरल इंडस्टरीज़ लगी है लेकिन वहां देखने से पता लगता है कि ज्यादातर इंडस्टरीज़ को ताले लगे हुए है।

उसका कारण यह है कि जो गरीब लोग देहात के अन्दर इंडस्टरीज़ लगाते है, उनका माल फरोख्त के लिए अच्छी तरह से प्रबंध नही किया जाता। माल न बिकने की वजह से वे न तो नया रा–मैटीरियल खरीद सकते हैं और न ही बैंको की कि त दे सकते है जिसने उन्होने रुपया लिया होता है। इसलिए वे ताला लगा कर भागे हुए है। आगे आगे वे होते है और पीछे पीछे बैंक वाले होते है। स्पीकर साहब, जब तक सरकार उनका माल बेचने का अच्छा प्रबंध नही करेगी, तब तक यह फिगर देने से कि किलोई हलके में 295 इंडस्टरीज़ लगी है, कोई फायदा नही होगा। इसके अलावा स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा सरकार के नोटिस में यह बात भी लाना चाहता हूं कि जिस किसी इंडस्ट्री वाले ने 25 हजार रुपया लोन लेने के लिए ऐप्लाई किया हुआ है, उसे चार पांच हजार रुपया बैंक में या दलाल को दिए बिना लोन नही मिला। जो कोई भी लोन लेकर गया है, वह 25 हजार रु की बजाय 20–21 हजार रुपया लेकर गया है। बाकी केस अभी पैंडिंग पडे हैं। मैने पिछले साल सैन्टर के फाईनेंस मिनीस्टर श्री प्रणव मुखर्जी जी को एक लैटर लिखा था। उनका जवाब मेरे पास आया हुआ है। उन्होने लिखा था कि हमारे पास भी इस तरह की ि ाकायतें आई है और हम बैंकस की मिटिंग बुला रहे है। स्पीकर साहब, यहां जो फिगर्ज़ दी जाती है कि 8 हजार लोगों को लोन दे दिया या 10 हजार लोगों को लोन दे दिया, ये गलत दी जाती हैं। इसकी तरफ भी सरकार ध्यान दें। जिनके केस आपने रिकैमैंड करके भेजे हैं, उनको कम से कम रुपया जरुर दिलाएं। जो बैंक

लोन नही देते उनके खिलाफ ऐक ान लेने के लिए सैन्ट्रल गवर्नमैंट को लिखा जाना चाहिए।

ट्रांसपोर्ट के मुताल्लिक भी यहां काफी जिक हुआ। स्पीकर साहब, आप जानते है कि पहले वक्त में जब राजे महाराजे होते थे, सौ या दो सौ साल पहले, तो वे रात को भेश बदल कर देखा करते थे कि प्र ाासन कैसे चल रहा है। सी0 एम0 साहब और ट्रांपोर्ट मिनिस्टर साहब चूंकि इस समय यहां नही बैठे है, इसलिए मैं फाइनैंस मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि वे भेश बदल कर एक ट्रक के अन्दर अम्बाला से बैठ जाएं। माल भी उस ट्रक में उतना ही लोड है जितना होना चाहिए। माल की ऊंचाई भी उतनी है जितनी होनी चाहिए। आप अगली सीट पर अपना आदमी बैठा दिजिए और देखें कि ट्रक वाला कितने रुपये दे कर अपने नि चत स्थान पर पहुंचता है। इस बारे में मैने पिछले बार भी कहा था कि सौ मील के सफर मे गरीब आदमी को कितने रुपये दे कर पहुंचना पडता है।

यहां पर यह कहा गया कि पांच फलाइंग स्काड और बना दिये गये है जो चैंकिंग करेंगे। यह तो वही बात हो गई जैसे कोई नौकर दूध पिलाता हो, वह पहले आधा दूध पी जाता है और फिर पानी मिला देता है। उसमें से आधा फिर पी गया और पानी मिला दिया। इस तरह से चौथे हिस्से का दूध रह गया सो आपने जो ये फलाइंग स्काड बनाये हैं, उनसे तो ज्यादा करप ान बढती जा रही हैं। फाइनैंस मिनिस्टर साहब से कहंगा कि दिन की

रो ानी में और रात के अंधेरे में ट्रक वालो को लूटा जा रहा है। सौ मील के सफर में जब इतने पैसे देने पडते है तो जहां वे हजार मील का सफर तय करते है और एक स्टेट से दूसरी स्टेट में जाते है वहां आप अन्दाजा लगायें कि उन्हे इस तरह कितनी नाजायज पेमैंट करनी पडती होगी। इस तरह से रि वत का पैसा इकटठा किया जा रहा है। इसलिए मै आपके जरिए सरकार को सुझाव दूंगा कि इस ओर ध्यान दिया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): स्पीकर साहब, ऐप्रोप्रिए ान बिल (नं0 1) 1985 जो सदन में पे ा है मै उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। यह पैसा अब खर्च हो चुका है, अब लकीर पीटने से कोई फायदा नही। मैं अपोजी ान के भाईयों से दरखास्त करुंगा कि यह बिल पास कर देना चाहिए, फिजूल में हाउस का टाईम क्यो खराब कर रहे हैं?

स्पीकर साहब, मैं मांग नम्बर दो के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। हरियाणा में लॉ एण्ड आर्डर की हालत और सारे प्रदे ाो से काफी अच्छी है। अगर हरियाणा से ज्यादा अच्छी लॉ एण्ड आर्डर की पोजी ान किसी प्रदे ा में हो तो अपोजी ान के साथी बता दें। साथ में प्रदे ा के डाके मारे गये कितनी ही गडबड हुई लेकिन हमारे यहां फिर भी भाांती रही। यह कह देना कि यहां पर हालात ठीक नही है और कुछ भी नही हुआ तो काम नही चलता बराबर का सूबा चाहे दिल्ल, पंजाब, राजस्थान, यू0 पी0

हो, इन सब से अच्छे हालात हरियाणा में है। कभी कभी ये हवाला देते है कि यहां पर बूथ कैपचरिंग की जाती है। यह बात अलग है। अम्बाला मे 24 दिसम्बर को लोक सभा के इलैक ान हुए अम्बाला में सात सौ के करीब बूथ थे। एक बूथ की भी कैपचरिंग नही हुई। अपोजी ान के भाई 1 लाख 77 हजार वोटो से हार गए। ये असल बात को छुपाने की कोि ा ा करते हैं। इन्हे हार को हार और जीत को जीत समझना चाहिए। यह कहना कि बूथ कैपचरिंग कर ली हमने उनके वोट अपने डिब्बों में डाल लिए गलत बात है। अगर हम ऐसी करते तो आन्ध्र प्रदे ा में या उसके बराबर के सूबे मे अपोजी ान की जीत कैसे होती? वहां पर जनता पार्टी का राज हो गया। यह तो मानी हुई बात है कि आप को लोगो की राय को नमस्कार कहना पडेगा। अच्छी बात तो यह है कि हार को हार और जीत को जीत मानना चाहिए। लोक सभा के इलैक ान में इनकी हार हुई और अभी तीन विधान सभा के बाई इलैक ान में भी हार हुई। जब यहां हरियाणा में इनकी बात नही चली तो ये हिमाचल में गये। पहले बी0 जे0 पी0 की 28 सीटें थी इस बार ये 28 से 7 ही ले पाए और जिसको चीफ मिनिस्टर बनाना चाहते थे, उसे हरा कर चुपके से आ गए। इन्होने वहां पर यह कहा कि एक रुपये किलो आटा देंगे और दो रुपये किलो चावल देंगे। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, लोक सभा में कुल तीन सीटें डी0 एम0 के0 पी0 को और दो सीटें बी0 जे0 पी0 को मिली हैं। ये 508 में से मिली है, यह एक प्रसैंट भी नही बैठती। जनता ने इन्साफ दिया है।

एक्साइज एण्ड टैक ोसन डिपार्टमैंट के बारे में एक तजबीज देना चाहता हूं। जितने टैक्सिज़ कम होंगे उतनी ही आमदनी ज्यादा बढेगी। भारत सरकार ने इन्कम टैक्स में जो रियायत दी है, उसका नतीजा अगले साल पता लगेगा। भारत सरकार की आमदन बढेगी। हरेक आदमी हमसूस करेगा कि चोरी कम हुई है और इनकम टैक्स ज्यादा मिला है। इसलिएअगर सेल्ज़ टैक्स कम करेंगे तो हरियाणा सरकार को आमदन ज्यादा होगी।

डिमांड नम्बर आठ रोड्ज और बिल्डिंग्ज के बारे में है। हमारे यहां म्यूनिसिपल कमेटी की सडको की हालत बहुत खराब है। म्युनिपिल कमेटीज़ के पास इतना पैसा नही है कि वे उन्हे ठीक करा सके। उनसे सडको की मैनटैनैंस भी नही होती। अम्बाला भाहर और कैन्ट की सडके बहुत बुरी हालत में है। अगर 15 मिनट बारि ा हो जाए तो सडक पर चलना मु कल हो जाता है। इसलिए मैं सरकार से तजवीज दूंगा कि पी0 डबल्यू0 डी0 वाले सडकें बनवा दें ताकि वह दस पन्द्रह साल तक ठीक तरह से रह सके और उनकी मेन्टेनैंस म्यूनिसिपल कमेटी करवाती रहे। अम्बाला टाउन में टोटल 15–20 किलोमीटर की सडके होगी। इन पर कोई लम्बा चौडा खर्चा नही आता। इनकी हालत ऐसी है कि अगर कोई आदमी साईकिल पर चलना चाहे तो साईकिल पर भी नही चल सकता। इस आने वाले बजट में सडको के लिए ज्यादा पैसा रखें ताकि लोगो को कुछ सूविधा मिल सके।

दूसरी बात मैं हस्पतालो के विशय में भी अर्ज करना चाहता हूं। अस्पतालो के लिए नैट रुपया थोडा रखा गया है, वह ज्यादा रखा जाए। पी0 डबल्यू0 डी0 ने अम्बाला कैन्ट में सडक का साढे तीन मील का टुकडा बनाया है। यह नया ही बनाया है। इसके लिए मैं इनकी तारीफ करता हूं। वह सडक ऐसी है जहां पर सिविल हस्पताल है, डी0 ए0 वी0 स्कूल है जिसमें 1000 बच्चे पढते है, सनातन धर्म कालेज है जहां 1800 बच्चे हैं। उस सडक पर बडी भीड रहती है इसलिए उस सडक को चौडा किया जाए। जब तक इस सडक को चौडा नही किया जायेगा। तब तक वहां एक्सीडेन्ट्स होते रहेंगे। वह हस्पताल 50 बैड का है, उसमें ज्यादा केसिज़ एक्सीडैन्टस के ही आते हैं। अगर इस सडक को चौडा कर दिया जाए तो हादसे नही होगें। फोरलेन कर दिया जाये तो और भी ज्यादा अच्छा होगा जो हस्पताल केवल 50 बैड का हो और इतने ज्यादा एक्सीडेन्ट्स हो तो मरीज कहां जाएंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, यह हस्पताल सन् 1901 में बना था। उस टाईम से ही पचास बैडज का है। इस हस्पताल के बारे में कई बार वायदा किया गया है कि इसे सौ बैडज का बना दिया जाएगा। भाायद अब 75 बैडज का प्रोविजन किया है। वहां पर डेढ लाख की आबादी है। इस हस्पताल के आस पास के एरिया में श्री निर्मल सिंह, श्री फूलचन्द मुलाना और मेरा हलका आता है। तीनो हलको की काफी आबादी है और इन तीनो को यही हस्पताल फीड करता है। भाहर में सौ बैडज का हस्पताल है लेकिन हमारे यहां पचास का ही है। यह सौ साल पुराना हस्पताल है। इस को जल्दी से जल्दी दोबार

बनाया जाये। जब कोई काम भुरु होगा तभी वह मुकम्मल होगा। यहां पर बहुत बडी बिल्डिंग बनाने की जरुरत नही है। जमीन काफी पडी हुई है। एक कमरा बनाने से ही 25 बैडज लग जाते है। थोडे से खर्चे से उस काम को किया जा सकता है। उसी रास्ते पर ब्लाइंड इंस्टीच्यूट है और उसी के उपर एस0 डी0 कालेज है। इसके अलावा दूसरी ओर भी बहुत सी संस्थाएं हैं। उस के ऊपर इतनी घटनाएं रोज होती है जिनका कोई हिसाब नही है। अगर उसे साढे तीन किलोमीटर के टुकडे को फोर लेन कर दिया जाए तो एक्सीडैंट्स सिर्फ एक परसैन्ट ही रह जाएंगे। डिमांड नं0 9 एजुके ान की है। तालीम के लिए अम्बाला कैन्ट में टोटल 12 सरकारी स्कुल है। इनमें से 8 तो प्राइमरी है, तीन मिडल स्कूल है, और एक हाई स्कूल है। यहां पर एक भी सरकारी कालेज न ही लडको का और न ही लडकियों का है। सो ाल और धार्मिक संस्थाएं ही वहां पर कालेज वगैरह चला रही है। यह तो इन संस्थाओं की मेहरबानी है जो बच्चो को ि ाक्षा दे रही है। यह बात सरकार को माननी चाहिए कि इनकी वजह से मदद हो रही है वरना इतनी बडी आबादी में 12 स्कूल बहुत थोडे हैं। मेरी मांग यह है कि वहां पर लडकियों का एक सरकारी कालेज अव य होना चाहिए।

एक आवाजः मैडिकल कालेज की मांग भी कर लो।

सेठ राम दास धमीजाः उसके लिए तो खर्च बहुत आता है। हां मै यह मांग करता हूं कि अगर सरकार वहां पर प्राइवेट

मैडिकल कालेज खोलने की इजाजत दे दे तो बहुत मेहरबानी होगी। इसके चलाने पर 5 करोड रुपये साल का खर्चा आता है। अगर सरकार इस को चलाने की इजाजत दे दे तो अम्बाला के लोग यह काम कर सकते है। मांग नम्बर 23 जो ट्रांस्पोर्ट के बारे में है, मै अब इसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। अम्बाला कैन्ट का बस स्टैण्ड उस समय बना था जब पंजाब हरियाणा और हिमाचल प्रदे ा इकट्ठे हुआ करते थे। वह बस स्टैण्ड सरदार प्रताप सिंह कैरों के वक्त का बना हुआ है। आज भी वह उतना ही है, हालांकि आबादी पहले से मुकाबले में 4–5 गुणा ज्यादा बढ गयी है। उस बस स्टैण्ड को बढाने के लिए एक हाईपावर्ड कमेटी बनी थी ओर एक फैसला हुआ था।.....

चौधरी हरिचन्द हुडडाः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। धमीजा साहब जो डिमांडज रख रहे है वह तो प्रोप्रो ानेटली मांगे। यह एप्रोप्रिए ान बिल पर बहस हो रही है। इस पर डिस–प्रोप्रो ानेटली अगर वह डिमांड करेंगे तो ठीक नही है। जब बजट आएगा, उसमें किस इलाके के लिए क्या प्रोवीजन है, वह ठीक है या नही है, उस वक्त देखने वाली बात है। (ाोर एवं व्यवधान)

सेठ राम दास धमीजाः मै बिल्कुल रैलैवन्ट बोल रहा हूं। सरकार ने जो डिमांड्ज पे ा की है, मै उनका समर्थन कर रहा हूं और आइन्दा के लिए तजबीज दे रहा हूं। यह मेरी तजबीज है कि बस स्टैण्ड के बिल्कुल पीछे 6.1 एकड जमीन पडी है जो सरकार की ही है। सरकार ने इस बात को मान भी लिया था कि जल्दी

ही बस स्टैण्ड बना देगी। अगर आने वाली सांतवी पंचवर्शीय योजना के पहले साल में ही इसके बनाने के लिए प्रोविजन रख दिया जाए तो बहुत अच्छा होगा। मेरे हलके में एक घडवा नाला है। उसमें जब फलड का पानी आ जाए तो सारे भाहर में बडा भारी नुकसान होता है। उसको ठीक करने के लिए केवल सात आठ लाख रुपये का खर्चा होना है। उस नाले के पहले से चार मुहं हैं। फिर उसके तीन मुह है, फिर दो मुहं है और फिर एक मुहं है। उसमें चार हकुमतें इन्वालवड हैं। एक तो मिल्ट्री आती है, दूसरी म्यूनिसिपैलिटी आती है, तीसरे रेलवे बोर्ड आता है और चौथे एम0 ई0 एस0 आ जाता है। मेरा कहना यह है कि इस नाले को सुधारने के लिए कोई न कोई बन्दोबस्त जल्दी ही किया जाना चाहिए। (घंटी) डिप्टी कमी नर साहब, इतना कहते हुए मैं एक से लेकर 25 डिमांड तक रखे गये सप्लीमैंट्री एस्टीमैट्स का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

ठाकुर बहादुर सिंह (दडवां कलां): मान्यवर डिप्टी स्पीकर साहब, आज जो यह एप्रोप्रिए ान बिल हरियाणा सरकार की तरफ से यहां पर पे ा हुआ है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। सरकार ने एक से लेकर 25 तक जितनी भी डिमान्डज़ रखी हैं, हकीकत तो यह है कि इसमें कहने के लिए कुछ भी नही है। किसी भी प्रदे ा की बहतरी के लिए, तरक्की के लिए, और हिफाजत के लिए जो यह डिमान्डज रखी गई हैं, यह जरुरी है। आपको पता है कि हरएक काम के लिए पैसे की जरुरत

होती है। हमारे भाई इसकी निंदा भी करते हैं लेकिन उसके साथ साथ डिमांडज़ भी रखते हैं कि यह होना चाहिए, वह होना चाहिए, मेरी कांस्चुएंसी में यह नही हो रहा है, वहां पर लॉ एण्ड आर्डर की सिचुए ान ठीक नही है, वहां पर डकैती हो गयी। हर तरह की बातें यहां पर इस सदन में हमारे भाई करते है। जहां पर यह बात आती है कि किसी मद में कुछ ज्यादा खर्च हो गया तो उसके लिए हाउस एप्रुवल देता है। जब वह रा ि ा मांगी जाती है तो यह विरोध करने के लिए खडे हो जाते हैं और दूसरी तरफ कहते है कि सडको की मुरम्मत नही हो रही है। सडकों की मुरम्मत या वाइंडिंग होनी चाहिए। प्रदे ा की बेहतरी के लिए पैसा खर्च होना चाहिए। अगर किसी मद में मंजूर ाुदा से ज्यादा पैसा खर्च हो जाता है तो उसके लिए जब डिमांड पे ा होती है तो हमारे यह भाई विरोध करते है। बडी ही अजीब बात है। एक तरफ तो कुदरती आपात की वजह से, हमारे वह सिस्टम यानि पास किए हुए पैसे कम पड जाते है, और जरुरत और पैसे की पडती है। फालतू पैसा खर्च हो जाता है। दूसरी तरफ एक भाई यहां यह कहते हैं कि फलां सडक क्यो नही मुरम्मत हुई। कोई अगर सडक मुरम्मत कर दी जाती तो ये कहते कि इतना पैसा कहां खर्च हो गया। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर हमने तरक्की करनी है, लॉ एण्ड आर्डर की सिचुए ान बरकरार रखनी है, तो हमें पैसा खर्च करना पडेगा। जहां तक जनरल एडमिनिस्टरे ान की बात है हम बेहतर एडमिनिस्टरेटर हैं। इसी एडमिनिस्टरे ान की वजह से, जैसे अभी मुख्य मंत्री जी ने ब्यान दिया था कि एक डकैती की वारदात

हरियाणा में हुई थी, उसको बहुत लम्बा चौडा फैलाया गया। उन डकैतो को हमने बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया। यह हमारी एडमिनिस्टरे ान की एफिसिएन्सी की नि ानी है। जिस एफिसिएन्सी से इस किस्म की बुराईयां दूर करनी हो या फौरी तौर पर काईम करने वाले पकडे जा सकते हों, उस के ऊपर अगर कुछ पैसा ज्यादा खर्च हो जाता है तो मैं समझता हूं कि यह बहुत जरुरी चीज है। हर हरियाणा वासी यही चाहता है कि हमारे यहां पर इस किस्म के काईम्ज़ न हो। होम डिपार्टमैंट की इसमें बात आती है। इसके लिए हमारी पुलिस फोर्स का होना बहुत जरुरी है। उसकी बेहतरी के लिए जितना भी बजट का हिस्सा खर्च किया गया है, मै समझता हूं कि अगर उससे भी कुछ ज्यादा खर्च कर दिया जाता तो यह उनका हक था। आज हमें इस बात की जरुरत है कि हमें वो फोर्स चाहिए जो हमें भाान्ति से रहने का मौका दें। उस फोर्स को ज्यादा से ज्यादा हिमायत देनी चाहिए। बिल्डिंग एण्ड रोड्ज की बात आगे आती है। हमारे हरियाणा में इस तरह से सडके बननी चाहिए कि जो बीच के टुकडे छोड दिए गए थे वे पुरे होने चाहिए। आज कोई भी गावं दूसरे गांव से जुडा हुआ नही है। एकदम से सूरज की भाुआओं की तरफ से सडके फेला दी गयी है। आज भी इस बात की जरुरत है कि इनको मिलाया जाए। आज यह कहते है कि इस पर इतना पैसा क्यों खर्च कर दिया गया और दूसरी तरफ यह कहते है कि हमारे यहां सडकें बनायी जानी चाहिए। मैं तो इसमें एक और बात एड करना चाहता हूं। हमारी जो सडकों की भाुआएं फैली है, एक भाहर से किसी जगह

तक जाने के लिए इनको मिलाया जाए। 15 किलोमीटर की सडक तो बना दी गयी है लेकिन उसके साथ ही कुछ डिस्टैन्स पर जो 4 किलोमीटर की दूसरी सडक चल रही है, उसको जोडने का कोई प्रावधान नही है।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह प्रोपोज करुंगाकि इस तरह की सडके है उनको जोडने के लिए सरकार को प्रयत्न करना चाहिए ताकि उस प्वायंट पर वापिस न आना पडे। इसलिए भी इन सडको को जोडना जरुरी है कि इससे पैट्रोल का खर्चा कम होगा, डीजल का खर्चा कम होगा। जनता को ज्यादा किराया अदा करना पडता है वह नही करना पडेगा। इसलिए अगर सरकार इन सडकों को जोडने पर विचार करे तो अच्छा रहेगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं एग्रीकल्चर के बारे में कुछ बातें कहना चाहूंगा। हमारा प्रदे ा मुख्य कृशि प्रधान दे ा है और इस मद में जो पैसा खर्च किया गया है मेरे विचार से वह कम है। डिप्टी स्पीकर साहब, कुदरती आपत्तियों के मुकाबले वह पैसा बहुत कम है। इसमें और पैसा खर्च करना चाहिए था। हम सब चाहे इधर बैठे हुए मैम्बर्ज है, चाहे उधर साईड में बैठने वाले मैम्बर्ज है, सभी एग्रीकलचरिस्ट हैं। हम सब की जिम्मेवारी बनती है कि एग्रीकल्चर के बारे में जब भी कोई डिमांड हो तो हमारी मांग यह होनी चाहिए कि उस पर अधिक से अधिक पैसा खर्च किया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, अचानक ही कुदरत का कोई अटैक हो जाता है, औलावृश्टी हो जाती है, बाढ आ जाती है, सूखा पड

जाता है या हवाओं का रुख बदल जाता है तो किसान का बहुत नुकसान हो जाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस साल भी पानी न मिलने के कारण फसलों का काफी नुकसान हुआ। बिजली भी समय पर किसान को नही मिली और इस कारण वह टयूबवैल का पानी फसलो को नही दे सका। इसलिए यह जरुरी है कि जिस तरह से भाखडा नहर टूटने पर सरकार ने किसानो को सबसिडी दी, उसी तरह स`अब भी दी जानी चाहिए। किसानो की सब तरह से मदद की जानी चाहिए ताकि वे अपनी फसलो को बचा सके। एग्रीकलचरिस्ट की ज्यादा से ज्यादा मदद की जानी चाहिए। इससे प्रदे ा की तरक्की होगी। मै अपने अपोजी ान के मैम्बर्ज से प्रार्थना करुंगा कि जहां भी एग्रीकल्चर की बात आए, वहां इस बात की जरुरत है कि किसान की इमदाद के लिए हम सब आवाज उठायें।

श्री उपाध्यक्षः ठाकुर साहब, अब आपका समय खत्म हो गया। आप बैठ जाएं।

ठाकुर बहादुर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, अभी तो बोलने का मूड बना था और अभी आम कह रहे है कि टाईम खत्म हो गया। मेरी सभी सदस्यों से प्रार्थना है कि जो डिमान्डज़ है और जिन पर हरियाणा की जनता की भलाई के लिए पैसा खर्च किया गया है, वे उनको मंजूर करें और मैं भी अपना पूरा समर्थन देता हूं।

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारु): डिप्टी स्पीकर साहब, कृशि सम्बन्धी डिमान्डज के बारे में ठाकुर बहादुर सिंह बोल रहे थे, मैं भी उसी सम्बन्ध में चर्चा करना चाहूंगा। उपाध्यक्ष महोदय, आप सब जानते है कि हमारा प्रदे ा कृशि प्रधान दे ा है और अगर हम कृशि को प्रोत्साहन नही देंगे तो हमारा प्रदे ा तरक्की नही कर सकेगा। इस मद के अन्दर जो पैसा मांगा गया है उसमें यह बात आई थी कि भाखडा नहर में कट होने के कारण यह पैसा एडी ानल खर्च करना पडा है। प्राकृतिक प्रकोप के कारण यह रकम बांटी गई। टयूबवैल्ज़ के लिए प्रावधान किया गया या पीने के पानी का इन्तजाम किया गया, इन सब कामो के लिए यह पैसा खर्च किया गया। मै वित्त मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि क्या ये अच्छा होता कि जहां सात–सात आठ–आठ साल से, चाहे वह भिवानी का इलाका है, चाहे महेन्द्रगढ या सिवानी का इलाका है, कहर पड रहा है और वहां के लिए आज तक सरकार ने फैमिन रिलीफ के लिए कोई प्रावधान नही किया, उसके लिए भी कोई प्रावधान इन डिमांड में लाते। डिप्टी स्पीकर साहब, हालात यह है कि आज खेतीहर मजदूर भागने के लिए मजबूर हो रहा है। क्या ही अच्छा होता अगर यह सरकार प ाुओं के लिए चारे का प्रावधान करती, जिससे किसान के प ाुओं की रक्षा होती। अगर यह सरकार अपने आप को किसान का हितैशी कहती है तो इसको किसान की भलाई के लिए पैसे का प्रावधान करना चाहिए था। जहां इस सरकार ने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की मांग की है, वहां किसानो के लिए भी रुपया मांग सकती थी। डिप्टी स्पीकर

साहब, 1979 मे वर्ल्ड बैंक की सहायता से एक स्कीम भाुरु की गई थी जिसका नाम ट्रेनिंग एण्ड विजिट था। आज हालात यह है कि एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट, उस स्कीम में जो कर्मचारी काम करते है, उनको जनवरी और फरवरी की तनखाह भी नही दे पाया हैं। उनकी तनखाह क्यों नही दी गई है, जहां तक मुझे जानकारी है उसका कारण यही है कि डायरैक्टर आफ एग्रीकल्चर इस बारे में एक मिटिंग के लिए बाहर गए थे। वहां पर वर्ल्ड बैंक के साथ मीटिंग होकर कोई एग्रीमैंट साईन होना था। इस काम के लिए दूसरी टीम का दौरा बनाया जाना है। जिससे कि दूसरे लोगों को भी बाहर घूमने का मौका मिल सके। अब दूसरी टीम जाएगी, वर्ल्ड बैंक के साथ एग्रीमैंट होगा और पैसा एप्रूव होगा, तब जाकर कर्मचारियों को तनखाह मिलेगी। मेरा ख्याल है कि इस स्कीम में एक हजार या आठ सौ कर्मचारी होंगे जिनको तनखाह नही मिली है। 1979 में, जब यह स्कीम भाुरु की थी, तब इसका नाम ट्रेनिंग एण्ड विजिट था और अब इसका नाम बदलकर नै ानल एग्रीकल्चर ऐक्सटैन्ान प्रोग्राम रखा गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने एग्रीकल्चर इम्पलीमैंट्स तक एक्साइज डयूटी माफ कर रखी है और राजस्थान सरकार ने सेल्ज़ टैक्स माफ कर रखा है। इसी प्रकार हरियाणा सरकार को एग्रीकल्चर इम्पलीमैंटस पर सेल्ज टैक्स माफ करना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर एग्रीकल्चर इम्पलीमैंटस सस्ते होगे तो गरीब आदमी को सस्ता अनाज मिलेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, दुर्भाग्य की बात यह है कि 1982 में एक

स्प्रिकलर सैट पर 25 प्रति ात या मैक्सीमम पन्द्रह हजार रुपए की सबसिडी मिलती थी। 1983 मे उसको घटाकर चार हजार कर दिया गया था और इस साल तीन हजार कर दिया। डिप्टी स्पीकर साहब, हालत यह है कि जो सबसिडी पहले पच्चीस परसैन्ट या मैक्सीमम पन्द्रह हजार थी, उसको घटाकर तीन हजार कर दिया और फिर यह सरकार कहती है कि हम किसान के हितैशी हैं। उपाध्यक्ष महोदय अब मैं स्प्रे–पम्प के बारे में कहना चाहता हूं। ऐप्रूव्ड सोर्स से अगर एक स्प्रे पम्प खरीदा जाए तो उसकी कीमत 420.00 रुपया सरकार ने फिक्स कर रखी है। जबकि प्राइवेट सोर्स से खरीदा जाए तो केवल 250.00 रुपये मे मिल जाता है। जो स्टैंडर्ड की कम्पनीज़ है, उनसे अफसरो को कमी ान नही मिलता और घटिया किस्म की कम्पनीज़ से कमी ान मिल जाता है इसलिए उसकी कीमत ऐप्रूव कर रखी है। सरकार इन स्प्रे–पम्प पर 50 प्रसैंट सबसिडी देती है। इसका मतलब यह हुआ कि सरका की ओर से 210.00 रुपया सबसिडी के तौर पर दिया जाता है, लेकिन इसका फायदा न किसान को हुआ और न ही सरकार को। इसी संदर्भ में, मैं यह बताना चाहता हूं कि एक अमेरिकन स्प्रे कम्पनी है, वैसे तो वह इंडियन कम्पनी ही है। **12:00 बजे** ऐसी कम्पनी जो स्टैंडर्ड की हो और आई0 एस0 आई0 मार्क की हो, इसका माल न लिया जाए, इसके पीछे क्या कारण हो सकता है? इसके साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि चाहे डिजल इंजन हो, चाहे पाईप्स हो, इन सब चीजों पर सेल्ज टैक्स तुरन्त ही खत्म कर देना चाहिए जिससे किसानो को काफी राहज मिले।

इससे आगे डिप्टी स्पीकर साहब, एसे ाऐटिड डिसटिलरी प्राइवेट लिमिटेड, हिसार में एक फर्म है, इन्होने पहले फॉरेन लीकर बाटलिंग का लाईसैंस ले लिया था और अब देसी भाराब की बाटलिंग का लाईसैंस भी ले लिया है। इस फर्म ने हरियाणा तक ही अपना दायरा नही रखा बल्कि हिमाचल प्रदे ा के अधिकारियों से भी मिलकर यह आर्डर्ज करवा दिये कि वे भी इसी फर्म का ही परमिट काटें लेकिन असलियत यह है कि एक भी ठेकेदार इस कम्पनी का माल लेने को तैयार नही है। इस फर्म को पोलिटिकल संरक्षण मिला हुआ है। चाहे इस फर्म का माल घटिया क्यों न हो लेकिन फिर भी इसी फर्म के नाम से परमिट इ ाू किये जाते है। वहीं से माल खरीदना पडता है। इसलिए मैं सरकार को सतर्क करना चाहता हूं कि कही इस फर्म के कारण फिर कालांवाली और नरवाना जैसी ट्रेज्डीज़ दोबारा न हो जाएं, इस तरफ ध्यान दें। आप लोगो को तबाह होने से बचायें। इसी तरह की एक और इंडस्ट्री * * * * के नाम से यहां हरियाणा में चल रही हैं।

श्री उपाध्यक्षः इस इंडस्ट्री का नाम नही आएगा क्योंकि यह रैलेवैंट नही है।

श्री हीरा नन्द आर्यः उपाध्यक्ष महोदय, मै कहना चाह रहा था कि पांच करोड रुपये की रा ि ा उस फर्म को दी गयी है (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आर्य साहब, आप कितने अच्छे सुझाव दे रहे थे। आप एप्रोप्रिए ान बिल पर ही बोलें। चाहे एप्रोप्रिए ान बिल हो चाहे कोई दूसरा सबजैक्ट हो, रुल्ज के अनुसार सब पर चर्चा की जानी चाहिए। किसी का नाम यहां नही आना चाहिए।

श्री हीरा नन्द आर्यः उपाध्यक्ष महोदय, मै पूरी पूरी कोि ा ा करुंगा कि रुल्ज़ के अन्दर अन्दर बातें कहीं जाए और एप्रोप्रिए ान बिल पर ही कहीं जाएं। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं एक दो और बातों का यहां पर जिक्र करुंगा।1—11—84 को लैण्ड मोर्टगेज बैंक, आदमपूर की बिल्डिंग का हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने ि ालान्यास किया था लेकिन वह बिल्डिंग बनी नही है। अब जो किराए का भवन लिया गया है, वह एक साधारण सा बना हुआ है, इस में कोई स्ट्रांग रुम नही है जोकि बैंकिंग के लिए आव यक है। इस में कोई प्रोविजन भी नही है लेकिन यह भवन तीन हजार रुपये किराए पर लिया हुआ है। दूसरा एक और कोओपरेटिव बैंक है, उसके लिए एक कमरा लिया हुआ है, जिसका 800 रुपया महीना किराया है। उपाध्यक्ष महोदय, एक न्यू बैंक आफ इंडिया की एक ब्रांच आदमपुर मैं है, उन्होने पहले ही उसके लिए एक मकान किराए पर लिया हुआ है जिसका वे 250 रु महीना किराया दे रहे हैं। अब उसी बिल्डिंग का किराया बढा कर ढाई हजार रु कर दिया गया है क्योंकि वह भवन किसी हाई अपस के परिवार से सम्बन्ध रखता है। मैं किसी का नाम नही लूंगा। उपाध्यक्ष महोदय, वहां के ए0 जी0 एम0 और डी0 जी0 एम0 की पत्नियों को सरकार

ने डिसकि ानरी कोर्ट में से पंचकूला और सोनीपत में प्लाट्स दिये हुए है। मैनेजर द्वारा आबजेक ान करने के बावजूद भी इनके आदमियों को 60–60 हजार रुपया बैंक से दिलवाया गया है। इसलिए मेरी रिकवैस्ट है कि सरकार को इसकी जांच करवानी चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान)

इसके आगे, मैं उपाध्यक्ष महोदय, यह कहना चाहता हूं कि हमारे वित्त मंत्री महोदय का मजदूरो से बहुत बडा सम्बन्ध रहा है। उनके हितो के लिए उन्होने बहुत से काम किये भी है। मेरे नोटिस में यह बात है कि जिन हस्पतालो की बिल्डिंग्ज़ 1979–80 में मंजूर हो चुकी थी, जिनको बनाने का सारा खर्च भारत सरकर ने ही देना था, उन बिल्डिंगो को बनाने का काम अभी तक इस सरकार की तरफ से भाुरु नही हुआ। यह सारा काम मजदूरों और दूसरे हरिजन परिवारों की भलाई का ही है, जिस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। इन अस्पतालो को जल्दी से बनाया जाना चाहिए ताकि गरीब आदमी इन हस्पतालो का लाभ उठा सके।

उपध्यक्ष महोदय, जहां तक बेरोजगारी का ताल्लुक है, इस बारे में मैं इतना ही कह सकता हूं कि आज गरीबी सारे हरियाणा में है। जहां पहले 5000 लोग काम करते थे जैसे कि टी0 आई0 टी0 मिल भिवानी है, आज वहां पर केवल 500 के करीब ही मजदूर रह गये हैं। यह भी मजदूरो के साथ, गरीब लोगों के साथ अन्याय है। सरकार को इस तरफ भी पूरा ध्यान देना चाहिए।

इसके बाद डिप्टी स्पीकर साहब, मै एक दो बातें और कह कर अपना स्थान लूंगा। 15 अगस्त, 1982 को मुख्य मंत्री महोदय भिवानी में गये थे और वहां पर 13 हरिजन और बैकवर्ड लोगो की तरफ से मुख्य मंत्री महोदय को एक ऐफीडैविट दिया गया था कि उनसे अधिकारियें ने हजार हजार, दो दो हजार रुपये इकटठे किये है। लगभग 18–20 हजार रुपये की रा ि ा वे स्वयं ही खा पी गए है, हेराफेरी की गयी है। इसके बावजूद हमें अभी तक इस बात का पता नही लगा कि मुख्य मंत्री महोदय ने इस बारे में कोई कार्यवाही भी की है या नही (घण्टी)। मै तो यही कह सकता हूं कि भ्रश्टाचार का प्रदे ा मे ंबोलबाला है लेकिन यह इस प्र ाासन को स्वच्छ प्र ाासन का नाम देते है। इन भाब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का विरोध करता हुआ अपना स्थान लेता हूं। जय हिन्द।

चौ अजमन खां (नूह): मोहरीतम डिप्टी स्पीकर साहब, आज हरियाणा विधान सभा में एप्रोप्रिए ान बिल पर बहस चल रही है। मै इस पर बोलने और इसकी पूरी तरह से हिमायत करने के लिए खडा हुआ हूं। लेकिन इस बिल पर मैं पहली बार हाउस में बोल रहा हूं, हो सकता है मुझसे कई गलतियां भी हो जाएं। जहां तक एडमिनिस्ट्रे ान का ताल्लुक है, इसको सारा हिन्दुस्तां मानता है कि हरियाणा जैसा एडमिनिस्ट्रे ान सारे दे ा में कही नही है। लॉ एण्ड आर्डर की सिचुए ान की कोई मिसाल नही है। लेकिन कभी कभी लॉ एण्ड आर्डर की आड में कुछ अफसरान लोग

बेगुनाहों को बिना वजह तंग करते है, जुल्म ढाते है, जिसकी तरफ मैं सरकार की खास तवज्जोह दिलाना चाहता हूं। सरकार जहां लॉ एण्ड आर्डर को मैंटेन करने के लिए जिम्मेवार है वहां इस बात का भी ध्यान रखें कि किसी गरीब आदमी के ऊपर बिना वजह जुल्म न ढाया जाए। इस तरह का भी कोई प्रावधान होना चाहिए।

इसके साथ साथ मैं एक्साईज़ एण्ड टैक्से ान के बारे में कहना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे एक मित्र ने बोलते हुए कहा था कि भाराब की जितनी बोतलें बिकें उसके हिसाब से ही लोगों से पैसे लिए जाएं और ठेके ज्यादा न उठाए जाएं। मै यह कहूंगा कि ठेके अगर ज्यादा न छोडे जाएंगे, तो जो बेईमानी करने वाले ठेकेदार हैं, क्या वे लोगों से थोडे पैसे लेंगे? वे तो उतने ही कमाएंगे जितने कि उन्होने कमाने है, लेकिन हरियाणा की आमदनी जरुर घट जाएगी। जैसे बापू ने कहा था कि हिन्दुस्तां में भाराब नही बिकनी चाहिए। वह बात तो ठीक है लेकिन भाराब को पीने वाले लोग बढते जा रहे है। इससे कम से कम जो पैसा मिलेगा वह गरीब लोगो की भलाई के लिए काम आएगा। इसके बाद मैं पब्लिक वर्क्स के बारे में कहना चाहता हूं। इस महकमे पर जितना रुपया खर्च किया जाता है, अगर उस पर चैकिंग की जाए तो उसी पैसे में से और ज्यादा काम निकाल जा सकते हैं। अक्सर यह देखने में आता है कि जो रुपया हम दे है, उसको सही मायनो में यूटिलाइज नही किया जाता। बे–वक्त काम किये जाते है। सडको पर बरसात के दिनों मे मिटटी डाली जाती है। इसलिए

मैं गुजारि ा करुंगा कि एसे अफसरान पर चैक रखा जाए। खास तौर से जहां मिटटी डाली ही नही जाती और बिल तैयार कर दिए जाते है वहां ज्यादा चैक रखा जाए। इससे एक तरफ तो स्टेट को नुकसान होता है और दूसरी तरफ पब्लिक को नुकसान उठाना पडता है। उनका वक्त पर कोई काम नही होता क्योंकि आने जाने में दिक्कत होती है। इसलिए इस डिपार्टमैंट को जहां हम ज्यादा से ज्यादा पैसे देने की हिमायत करते हैं, वहां हम यह भी चाहते है कि जिन अफसरों की आनॅस्टी डाउटफूल पाई जाए, उनके खिलाफ सख्त से सख्त ऐक ान लिया जाए। इससे ही भ्रश्टाचार में कमी हो सकती है। (विघ्न्) जिसको आप भ्रश्टाचार कह रहे है उसमें आप लोग भी हिस्सेदार हैं। लॉ एण्ड आर्डर को खराब करने के लिए जितना भाोर आप लोगों की तरफ से दिया जात है, उसकी मिसाल नही है। इसके साथ साथ अगर किसी के साथ ज्यादती हो जाती है तो उसके लिए आप भी उतने ही जिम्मेवार है जितनी की सरकार। आप अपना रवैया हाउस में भी और हाउस के बाहर भी बदलें। डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक पब्लिक हैल्थ की बात है, मैं यह चाहूंगा कि इस पर जो रुपया खर्च हो रहा है, इससे भी ज्यादा खर्च किया जाए। मैं चाहता हूं कि खासतौर पर मेवात के अन्दर लोंगों को पीने के पानी की सुविधा दी जाए। पहले जमाने में तो लोग कच्चे कुएं का पानी पिया करते थे और गुजारा कर लिया करते थे लेकिन मेवात के बहुत बडे एरिया के अन्दर पीने का पानी नही है। पहाड के दामन में दोनो पहाडियों के साथ साथ पीने का पानी है लेकिन बीच का एरिया खाली पडा

हैं। चौधरी देवी लाल जी ने स्कीम मंगवाई थी और फ्लड का पानी कंट्रोल किया गया था। उस वक्त मैने कहा था कि क्योंकि फ्लड का पानी कंट्रोल होगा इसलिए पीने का पानी नही होगा। हमने कहा था कि मेवात में जो यह लंडवार नाला आता है, यह मेवात के लिए रहमत बनकर आता है, जहमत बनकर नही आता। उस वक्त अफसरान ने कहा था कि टैक्नीकल आदमी हम है। आज पोजी ान यह हो गई है कि तीन चार साल से बारि ा न होने के कारण और पानी को कंट्रोल करने की वजह से किसी भी गांव में पानी नही है। इसलिए दोनो ंपहाडो के दामन में से एम0 आई0 टी0 सी0 के बडे बडे टयूबवैल्ज लगाएं जाएं। उससे यह फायदा होगा कि एक तरफ तो इरीगे ान होगी और दूसरी तरफ लोगों को पीने का पानी मिलेगा। पीने का पानी सिर्फ पहाडो के दामन से ही निकाला जा सकता है। इलाके में और बहुत कम पानी है जिसके लिए लोंगो मे हाहाकार मचा हुआ है। जानवरो के लिए पीने के पानी का भी फौरी तोर पर बन्दोबस्त करना बहुत जरुरी है। जानवर जो है वे उधर से हमारे इलाके में अकसर ि ाफ्ट होते रहते हैं। मै ज्यादा न कहता हुआ इतनी ही कहुंगा कि मेवात के इलाके की तरफ तवज्जोह दी जाए और मै इस डिमांड की हिमायत करता हूं। एजूके ान के बारे में मेरी अर्ज है कि जिस एरिया में एजूके ान के लिहाज से पीछे है, वहां ज्याद तवज्जोह दी जाए। उसमें खास तौर पर मेवात का इलाका आता है। (धंटी) इन भाब्दों के साथ मैं अर्ज करुंगा कि इस खर्च को मंजूर किया जाए।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवाल (मुंढाल): डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो एप्रोप्रिए ान बिल रखा गया है, मै इस पर बोलने के लिए खडा हुआ हूं। मै तीन चार डिमांडज पर बोलूंगा। मेरे कुछ साथी कहेंगे कि सरकार की नुक्ताचीनी करना आपकी आदत हो गई है। हम नुक्ताचीनी के साथ साथ कंस्ट्रक्टिव सुझाव भी देंगे। मेरे लायक दोस्त राम दाम धमीजा जी, जनरल एडमिनिस्ट्रे ान पर बोल रहे थे और कह रहे थे कि क्योकि हम चुनावो मे हार गए हैं इसलिए हम आउट आफ फस्ट्रे ान बोल रहे थे। डिप्टी स्पीकर साहब, ये चुनाव आउट आफ सैंटीमैंट्स हुए थे। श्रीमती गांधी के कत्ल के बाद सारे दे ा में लोगो को सैंटीमैंट्स भडक गए और सरकार की विफलताओं को भूल गए और कहा कि बहुत बुरा हुआ। विपक्ष की पार्टियों मे जितने भी प्रोग्राम थे, उसको लोगो ने छोड दिया और कांग्रेस पार्टी को वोट देकर भारी बहुमत दे दिया। (**इस समय श्री अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए**) इसमें कोई भाक नही कि हरियाणा में लॉ एण्ड आर्डर बहुत बढिया है लेकिन जो घटनाएं उस कत्ल के बाद हुई, वे बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी।उस पर मैं ज्याद चर्चा नही करुंगा। इसके अलावा, दो तीन डिमांडज और है जिन पर मैं चर्चा करुंगा। एक रैवेन्यू की डिमांड है। हमारे माल विभाग में इतना भ्रश्टाचार है, इतनी बेईमानी है कि कोई भी काम बगैर पैसे दिए नही होता। अब चीफ मिनिस्टर या दूसरे मिनिस्टर कहेंगे कि आपकी तो आदत है, आपने तो नुक्ताचीनी करनी है। कोई रजिस्ट्री करवानी हो तो बगैर पैसे दिए नही होती। किसानो से रजिस्ट्री और इन्तकाल के लिए पांच पांच

सौ, हजार हजार रुपया लिया जाता है। इसका मैने सबूत भी दिया है। मैने अपने हलके में ही नही बल्कि पूरे जिले में कह रखा है कि रजिस्टरी के लिए और इन्तकाल के लिए किसी को कोई पैसा नही देना है। किसी ने करवानी है तो हमें बताए, हम साथ चल कर करवाएंगे। एक बार मैं बाई चांस 15–20 दिन के लिए बाहर गया हुआ था। जब मैं वापिस आया तो एक आदमी कहने लगा कि आपने कहा था कि रजिस्टरी के लिए पैसे नही देने लेकिन मैने रजिस्टरी करवानी थी इसलिए मुझे पांच सौ रुपये देने पडे। मैने उसको कहा कि आप मेरे साथ फलां तारीख को आएं और मैं आपके पैसे वापिस दिलवाने के लिए कोि ा ा करुंगा। मैने अपना एक साथी उस तहसीलदार के पास भेजा जिसने रजिस्टरी की थी। उसको कहा गया कि भले मानस, आपको तनखाह मिलती है, किसानो को क्यों लूटते हो। उसने एक महीने के बाद पांच सौ रुपए वापिस भेज दिए क्यांकि वह हालात को समझ गया था। स्पीकर साहब, मै आपके नोटस मे लाना चाहता हूं बल्कि मेरी सजै ान है कि मुख्य मंत्री जी और मिनिस्टर साहेबान इंस्ट्रक ान भेजें कि रजिस्टरी के वक्त कोई पैसा नही लिया जाए। जहां तक हमार ताल्लुक है, हम चाहेंगे कि हमारी एन्टरटेनमैंट कोई न करे और हमारा जो खर्चा है वह हम खुद करें। अगर सरकार की तरफ से इंस्ट्रक ान चली जाए तो ये तहसीलदार या दूसरे अफसर इस खराबी को छोउ देंगे। आज ये लोग रैड क्रास का बहाना लगा कर लोगों से पैसे ले लेते है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस

तरह की इंस्ट्रक ान जरुर भेजी जाए जिससे कि किसान लुटने से बच जाएं।

इसके अलावा स्पीकर साहब, डिमांड नम्बर 8 रोड्ज के बारे में है। इस बारे में मैं मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहूंगा कि भिवानी जिले में कुछ ऐसी सडके है, कुछ एसे गांव है, जिनको एक दूसरे गांव में आने जाने के लिए 20–20 किलामीटर घुम कर आना जाना पडता है। मैने इस बारे में पिछले सै ान में भी जिक किया था लेकिन अभी तक उन लिंक रोड्ज को नही बनाया गया। ये रोड्ज जरुर बनानी चाहिए ताकि उन गांवो को 20–20 किलोमीटर का चक्कर काट कर आना जाना न पडे। यदि उन गावों के लिए छोटे छोटे सडके के टुकडे बना दिए जाएं तो लोगो को काफी सहूलियत हो सकती है। उन हलको से अपोजी ान के एम0 एल0 ए0 हैं इसलिए सरकार उन सडको को नही बना सकती, भाायद यह सरकार की मजबूरी है, लेकिन उन गावों के किसानो की कठिनाईयों की तरफ तो सरकार को पूरा ध्यान देना चाहिए। इसलिए जहां जहां टिब्बे है वहां पर तो कम से कम सरकार को सडक बना देनी चाहिए। यदि सडक बना दी जाए तो सरकार फेल नही होती। उन गावों के लोगो ने सरकार को कई बार लिख करके दिया है कि हमारे यहां सडकों के छोटे छोटे टुकडे बनाने बाकी रहते है, उनको बना दिया जाए। मेरे हलके में एक गांव है, यदि मंत्री जी उस गांव का नाम पूछेंगे तो मैं बता दूंगा। उस गांव के किसानो को दूसरे गांव में आने जाने के लिए 15 किलोमीटर

का चक्कर काट कर आना–जाना पडता है। यदि उनके लिए सीधा लिंक रोड बना दिया जाए तो उस गांव के लोगो का एक रुपया 20 पैसे किराया भी बच सकता है। लेकिन सरकार कोई ध्यान नही देती, ये सिर्फ यह कह देते है कि हम नुक्ताचीनी कर रहे है। यह सरकार हमारी जायज बातों को भी नही मानती। स्पीकर साहब, चाहे हम विपक्ष के है, हमारी बात माननी चाहिए। डेमोक्रेसी का यह कायदा है कि चाहे किसी भी पार्टी का राज हो, सरकार को किसानो की तकलीफो की तरफ ध्यान देना चाहिए। राज किसी भी पार्टी का आ सकता है, सरकार किसी भी पार्टी की बन सकती है। एक समय ऐसी भी आया थाकि कांग्रेस पार्टी का भी लोगों ने सफाया कर दिया था। लेकिन जो अफसरान है वे सोचें कि सरकारे तो आती जाती रहती है, इसलिए मंत्रियों की गलत बातो को कम से कम अफसरान न माने। यदि अपोजी ान के एम0 एल0 ए0 की कोई बात सही है तो उसको जरुर माने। इसके अलावा स्पीकर साहब, अब मैं एग्रीकल्चर के बारे में कुछ बाते कहना चाहूंगा। हमारे दे ा में 80 प्रति ात लोग खेतीबाडी पर निर्भर करते हैं, इसलिए खेतीबाडी को ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। आज दे ा में एग्रीकल्चर के बारे में ऐसी एटीच्यूड बन चुका है कि जिस के कारण गावों में किसानो की हालत बहुत बुरी है। आप गावों में जाकर देखें, किसानो को उनकी प्रोडयूस का भाव बहुत ही कम मिलता है। आप किसानो की कोई भी प्रोडयूस ले लें, चाहे गेहूं है, आलू है, चावल है, सरसों है, काटॅन है, यदि इनके दाम बढेंगे तो केवल एक या दो प्रसैंट ही बढेंगे लेकिन मैनुफैक्चरड

